>

Title: Regarding smooth running of Mumbai local trains during Monsson.

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण) : अध्यक्ष महोदय, मैं इस सभागृह का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र से रिलेटेड लोकल रेलवे सेवा पर आकर्षित कराना चाहता हूं । लोकल रेलवे सेवा मेरे संसदीय क्षेत्र की लाइफ लाइन है, परंतु पिछले कुछ दिनों से इस सेवा में किसी न किसी तरह का व्यवधान प्रतिदिन देखने को मिलता है । कभी रेलवे ट्रैक फ्रैक्चर हो जाता है, कभी पैन्टोग्राफ फेल्योर हो जाता है, तो कभी सिग्नल यंत्रणा में तांत्रिकी खराबी हो जाती है । खासकर ठंड और बारिश में रेलवे ट्रैक का बिगड़ना मानो एक आम बात हो चुकी है । बारिश में ट्रेनें रोज 10 से 15 मिनट लेट ही चलती हैं । सतत् रूप से लेट चलने वाली ट्रेनों के कारण लाखों लोगों का लेटमार्क लगता है । प्रतिदिन 42,50,000 यात्री मध्य रेलवे के सेन्ट्रल हार्बर और ट्रांस-हार्बर मार्ग पर यात्रा करते हैं । रोजाना 1,772 लोकल सेवाएं इस उपनगरीय रेल लाइन पर चलती हैं । पिछले एक महीने से ट्रेनें लगभग रोज लेट हो रही हैं ।

महोदय, हर रविवार को साल के 52 दिनों में मेगाब्लाक होता है । इसके बावजूद सब अर्बन रेलवे अपने नियमित समय पर नहीं चलती है ।

मैं आपके द्वारा रेल मंत्री जी के संज्ञान में यह लाना चाहता हूं कि सब अर्बन रेलवे से सबसे ज्यादा राजस्व प्राप्त होता है और सबसे ज्यादा जो समस्या है, वह इस सब अर्बन रेलवे की ही है । सप्ताह में पांच दिन इसका टाइम टेबल बिगड़ा रहता है ।

अतः मेरे कुछ सुझाव हैं कि जो पानी की समस्या है और बारिश में जो ट्रेनें लेट होती हैं, तो जिन नालों की सफाई नहीं होती है, उनकी सफाई बारिश से पहले जल्द से जल्द की जानी चाहिए । बड़े हॉर्स पॉवर के पंप्स लगाने चाहिए । उसी के साथ मेरे संसदीय क्षेत्र में मुंबई-कल्याण रेलवे मार्ग पर यातायात जब भी

बाधित हो, तभी कल्याण से कसारा और कल्याण से कर्ज़ट जाने वाले मार्ग के यातायात को निरंतर जारी रखने के लिए कर्ज़ट-कसारा मार्ग पर ज्यादा लोकल ट्रेन्स उपलब्ध रखें। ...(व्यवधान)